A–1–Y

Roll No. ....................

Total No. of Questions : 13] [Total No. of Printed Pages : 16

# 10th ARF(SZ)JKUT2024–25

# 101–Y

# HINDI

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : 80**

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यही।
हमारी जन्म भूमि थी यही, कहीं से हम आए थे नहीं।
जातियों का उत्थान, पतन, आंधियाँ झड़ी, प्रचंड समीर।
खड़े देखा, झेला, हँसते, प्रलय में पले हुए हम वीर।

**अथवा**

माँ ही शक्ति, माँ ही भक्ति।
माँ ही हमारी काया है।
माँ से ही सबने मानव जीवन पाया है।
मातृशक्ति से ही हैं सारे अक्षर और वचन।
मातृशक्ति का पल-प्रतिपल करें नमन।
मातृशक्ति की सेवा में कर दें सारा जीवन अर्पण। 4



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

2. किसी एक कविता का सार लिखिए :

(क) कैकेयी का अनुताप

(ख) भिक्षुक 4

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

पहले की तरह ही आराम से पिंजरे में रखे दो तोतों को दिन में कई बार भिगोकर रखे बादामों की गिरियों का छिलका उतारकर उन्हें खिलाते, उनसे बातें करते रहते हैं। उनके वे तोते हमने भी कई बार देखे थे। परन्तु हमारे लिए यह चमत्कार ही था कि जो प्रीतमचंद बिल्ला मार-मारकर हमारी चमड़ी तक उधेड़ देते वह अपने तोतों से मीठी-मीठी बातें कैसे कर लेते थे ? क्या तोतों को उनकी दहकती भूरी आँखों से भय न लगता था। हमारी समझ में ऐसी बातें तब नहीं आ पाती थीं, बस एक तरह इन्हें अलौकिक ही मानते थे।



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

अथवा

यहाँ कोई किसी का नहीं है। सब माया बंधन है। तू तो धार्मिक प्रवृत्ति का आदमी है। मैं समझ नहीं पा रहा हूँ कि तुम इस बंधन में कैसे फँस गए। ईश्वर में भक्ति लगाओ। उसके सिवाय कोई तुम्हारा अपना नहीं। पत्नी, बेटे, भाई बंधु सब स्वार्थ के साथी हैं। जिस दिन उन्हें लगेगा कि तुमसे उनका स्वार्थ सधने वाला नहीं, उस दिन वे तुम्हें पूछेंगे तक नहीं। इसीलिए ज्ञानी, संत, महात्मा ईश्वर के सिवाय किसी और में प्रेम नहीं लगाते। 4

4. किसी **एक** गद्य पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) जम्मू की चित्रकला

(ख) बड़े भाई साहब 4

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) हिन्दी भाषा भारत में ऊँच नीच को कैसे खत्म कर सकती है ?

(ख) हिन्दी हमारे देश की राष्ट्रभाषा क्यों बन गई ?

(ग) लोक नाटकों में क्या बताया या पेश किया जाता है ? 2+2=4



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

## खण्ड—ख

6. (क) 'कहानी' को परिभाषित करके इसके तत्वों के नाम लिखिए।

(ख) उपन्यास के किसी भी तत्व पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) 'आत्मकथा' तथा 'जीवनी' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3+2+3=8

## खण्ड—ग

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(क) स्वतंत्रता दिवस :

संकेत बिन्दु :

(i) प्रस्तावना

(ii) स्वतंत्रता दिवस की पृष्ठभूमि

(iii) कैसे मनाया जाता है ?

(iv) महत्व और संदेश

(v) उपसंहार



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ख) दूरदर्शन शिक्षा का एक माध्यम :

संकेत विन्दु :

(i) प्रस्तावना

(ii) विज्ञान की महत्वपूर्ण देन

(iii) उपयोग और प्रभाव

(iv) उपसंहार

(ग) व्यायाम के लाभ :

संकेत विन्दु :

(i) प्रस्तावना

(ii) व्यायाम की आवश्यकता

(iii) व्यायाम के प्रकार

(iv) व्यायाम के लाभ

(v) उपसंहार



https://www.jkboseonline.com

Visit CollegeDekho

(घ) परोपकार :

संकेत बिन्दु :

(i) प्रस्तावना

(ii) परोपकार से अभिप्राय

(iii) परोपकार की आवश्यकता

(iv) परोपकार के उपाय

(v) उपसंहार 8

8. अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने भाई के विवाह के अवसर पर मित्र/सखी को निमंत्रण पत्र लिखिए। 6

9. कुछ लोग सोचते हैं कि खेलने-कूदने से समय नष्ट होता है, स्वास्थ्य-रक्षा के लिए व्यायाम कर लेना ही काफी है पर खेल-कूद से स्वास्थ्य तो बनता ही है, साथ-साथ मनुष्य कुछ ऐसे गुण भी सीखता है जिनका जीवन में विशेष महत्त्व है। सहयोग से काम करना, विजय मिलने पर अभिमान न करना, हार जाने पर साहस न छोड़ना, विशेष ध्येय के लिए नियमपूर्वक कार्य करना आदि गुण खेलों

के द्वारा अनायास सीखे जा सकते हैं। खेल के मैदान में केवल स्वास्थ्य ही नहीं बनता वरन् मनुष्य भी बनता है। खिलाड़ी वे बातें सीख जाते हैं जो उसे आगे चलकर नागरिक जीवन की समस्या को सुलझाने में सहायता देती हैं।

**प्रश्न :**

(क) इस गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखिए। 2

(ख) खेल के मैदान में स्वास्थ्य के अतिरिक्त क्या बनता है ? 2

(ग) कुछ लोगों के खेल-कूद के बारे में क्या विचार हैं ? 1

(घ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

## खण्ड—घ

10. अलंकार छांटिए :

(क) तरनि-तनूजा-तट तमाल तरुवर बहु छाए :

(i) यमक

(ii) उपमा

(iii) अनुप्रास

(iv) रूपक



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ख) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।

राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार॥

(i) रूपक

(ii) उपमा

(iii) अतिशयोक्ति

(iv) अनुप्रास

(ग) छन्द बताइए :

भोजन करत बुलावत राजा

नहिं आवत तजि बाल समाजा

कौशिल्या जब बोलत जाहिं

ठुमक-ठुमक प्रभु चलहि पराहिं

(i) दोहा

(ii) सोरठा

(iii) चौपाई

(iv) कवित्त



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ঘ) रघुकुल रीति सदा चलि आई।

प्राण जाय पर वचन न जाई॥

(i) सोरठा

(ii) दोहा

(iii) चौपाई

(iv) कवित्त 1×4=4

11. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

निम्नलिखित रेखांकित शब्दों में दिए गए पदबंध का सही विकल्प चुनिए :

(क) देशभर का दलित अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।

(i) संज्ञा पदबंध

(ii) सर्वनाम पदबंध

(iii) विशेषण पदबंध

(iv) क्रिया विशेषण पदबंध 1



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ख) गाड़ी बहुत धीमी गति से चल रही है :

(i) विशेषण पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध

(iv) क्रिया विशेषण पदबंध 1

(ग) मोहन हिन्दी पढ़ने के लिए शास्त्री जी के :

(i) यहां गया है। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए) 1

(ii) मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था।

(साधारण वाक्य में परिवर्तित कीजिए।) 1

(घ) किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :

(i) अन्त पाना

(ii) खाला जी का घर

(iii) दाल न गलना 2



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

12\. (क) सन्धि विच्छेद कीजिए (कोई एक) :

(i) मतानुसार, भारतेन्दु

(ii) सन्धि कीजिए (कोई एक) 1

अनु + एषण, नै + अक 1

(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए (कोई दो) :

(i) गृहप्रवेश

(ii) पतिव्रता

(iii) पुरुषोत्तम

½+½=1

(ग) क्रिया भेद बताइए (कोई दो) :

(i) बच्चा क्यों रोता है ?

(ii) अतिशय क्रिकेट खेलता है।

(iii) श्रीकृष्ण ने कंस को मारा। ½+½=1

(घ) (i) अत्यन्त में (उपसर्ग लिखिए) 1

(ii) विद्यालय में (प्रत्यय लिखिए) 1

(iii) 'सुन्दर' शब्द का (उत्तमावस्था लिखिए) 1



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ङ) (i) 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची लिखिए। 1

(ii) 'अम्बर' शब्द का अनेकार्थक शब्द लिखिए। 1

(iii) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो।

(अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखिए।) 1

(च) (i) 'अहं' तथा 'मीठा' शब्द को भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित कीजिए। 1

(ii) सर्वनाम किसे कहते हैं ? भेद भी लिखिए। 1

13\. वस्तुनिष्ठ प्रश्न : https://www.jkboseonline.com

(i) कस्तूरी हिरण के किस स्थान पर होती है ?

(क) गले में

(ख) नाभि में

(ग) पेट में

(घ) मस्तक में



https://www.jkboseonline.com

Visit CollegeDekho

(ii) जंगल में सभी पशु एक साथ क्यों रह रहे हैं ?

(क) वर्षा के कारण

(ख) ठंड के कारण

(ग) गर्मी के कारण

(घ) भूकंप के कारण

(iii) 'ग्राम्या' काव्य किस कवि की रचना है ?

(क) महादेवी वर्मा

(ख) धर्मवीर भारती

(ग) सुमित्रानन्दन पंत

(घ) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(iv) सुमित्रानन्दन पंत जी का जन्म कब हुआ ?

(क) 20 मई सन् 1989

(ख) 25 मई सन् 1988

(ग) 20 मई सन् 1900

(घ) 20 मई सन् 1907



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(v) प्रियतम का पथ कौनसा है ?

(क) राजपथ

(ख) जीवन संघर्ष का मार्ग

(ग) परमात्मा की ओर जाने का पथ

(घ) जनपथ

(vi) कविता में 'मंगलसूत्र' आभूषण किस चीज का प्रतीक है ?

(क) मानवता का

(ख) ज्ञान का

(ग) यम-नियम का

(घ) संतुष्टि का

(vii) कबीरदासजी की भाषा कौनसी थी ?

(क) ब्रज



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(ख) अवधी

(ग) सधुक्कड़ी

(घ) हिन्दी

(viii) भक्तिकाल की समय सीमा क्या है ?

(क) 1050 से 1375 तक

(ख) 1375 से 1700 तक

(ग) 1700 से 1900 तक

(घ) 1900 से आज तक

(ix) 'पावस' ऋतु कौनसा ऋतु है ?

(क) वसंत

(ख) ग्रीष्म

(ग) वर्षा

(घ) शरद



https://www.jkboseonline.com Visit CollegeDekho

(x) संपूर्ण संसार कैसा है ?

(क) फानी

(ख) विवश

(ग) मस्त

(घ) अनश्वर



Visit CollegeDekho